अमर उजाला 19|09|2024

ट्रेजर हंट नामक गतिविधि में शिवम ने पाया प्रथम स्थान

छावनी के जीएमएन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित विजेता छात्र और अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में प्रबंधन विभाग की ओर से प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त मार्गदर्शन में ट्रेजर हंट नामक गतिविधि का आयोजन किया। इसकी शुरुआत डॉ. अमिता, प्रभारी, प्रबंधन सोसायटी की ओर से एक स्वागत भाषण के साथ हुई। इस दौरान उन्होंने गतिविधि के महत्व पर जोर दिया।

जो छात्रों की प्रतिभा और कौशल की खोज पर केंद्रित है। कार्यक्रम में छात्रों को लाल, सफेद, नीले, हरे और काले रंग के रिबन के साथ पांच टीमों में विभाजित किया गया था। छात्रों को सुराग सुलझाने के लिए संकेत दिए गए। उन्हें खजाने के बक्से की खोज करनी पड़ी। इस कार्यक्रम में सफेद रिबन वाली टीम विजेता रही। इसमें बीबीए प्रथम वर्ष की लभ, तनु, नितिका, खुशी और बीबीए द्वितीय वर्ष की शिवम पहला स्थान हासिल किया।

इसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. रवनीत कौर, सिमरनजीत कौर, गुंजन, मयंक, शमां और पलक मौजूद रहे।